हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]


RERA APPROVE: PCGRERA060524001774



RERA APPROVED

## CHITVAN
★★★★★ Farm

फ़ार्म मतलब चितवन

# ज़मीन का वो टुकड़ा जो आँखों से उतर कर दिल में बस जाता है, चितवन कहलाता है.

**प्रीमियम लोकेशन पर फ़ार्म हाउस, कॉटेज और प्लॉट. जहाँ हरियाली, सुकून और सुविधाएँ, सब होंगी आपके आस-पास.**



- Yoga & meditation zone
- Picnic & barbecue spots
- Swimming pool
- Electricity & water supply
- On-site beautiful temple
- Kids play area

रायपुर रोड का पहला एकमात्र फ़ार्महाउस प्रोजेक्ट | फ़ायनेंस सुविधा उपलब्ध | Site Address: Manda Mod, NH 130, Bilaspur (C.G)

Concept & Design @ AdPRAYAS

DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT

# DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

**Red. Office:** Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)

**Contact for Site Visit & Booking :** 6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

FOR SITE VISIT

## खबर संक्षेप

### भाई-बहन के स्नेह का पर्व मनाया



**जशपुरनगर।** माय छोटा स्कूल, बिजलीटोली में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चे एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधने और मिठाई खिलाने के लिए उत्साहित दिखे। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। इसके बाद सभी ने पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को राखी बांधी और मिठाई का आदान-प्रदान किया। विद्यालय की प्राचार्या मनीषा गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। यह आपसी विश्वास, प्रेम और जिम्मेदारी की सीख देता है। इस अवसर पर शिक्षिकाएँ अर्चना मुखर्जी, वर्षा पाण्डेय, वर्तिका पाठक, सरोजनी यादव, कल्पना खेस, जयंती गुप्ता, किरण बेक और रेनू बेक मौजूद रहीं। सभी ने बच्चों को त्यौहार के महत्व के साथ-साथ जीवन में भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। राखी बांधने के बाद मिठाई वितरण हुआ और सामूहिक फोटो खींचकर इस पल को यादगार बनाया गया। विद्यालय परिसर दिनभर उल्लास, गीतों और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंजता रहा।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम डोड़काचौरा निवासी स्व. आयुषी बाई का पानी से भरे गड्ढे में डुबने से 03 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता राजेन्द्र राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सैनिक कल्याण कार्यालय में की गई लीगल सर्विसेस क्लीनिक की स्थापना



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 8 अगस्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कु. श्वेता बघेल द्वारा लीगल सर्विसेस क्लीनिक का शुभारम्भ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सूबेदार हेमंत कुमार सार्वा, कल्याण संयोजक, भूतपूर्व सूबेदार सूरज यादव, अधीक्षक, भूतपूर्व नायक उत्तम कुमार साहू, सहायक ग्रेड-दो, महादेव यादव, सहायक ग्रेड-तीन, आकाश मंडल, सहायक ग्रेड-तीन, डॉ प्रदीप कुमार यादव, दंत चिकित्सा अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक पोलीक्लीनिक जशपुर, भूतपूर्व नायब सूबेदार केआर यादव, नर्सिंग असिस्टेंट भूतपूर्व सैनिक पोलीक्लीनिक जशपुर, प्रशांत कुमार, फार्मासिस्ट, भूतपूर्व सैनिक पोलीक्लीनिक जशपुर, भूतपूर्व नायक एमनुयल तिर्की व नवीन चन्द्र मिंज भूतपर्व हवलदार वीरेन्द्र कुजुर, भूतपूर्व सूबेदार ब्रीज किशोर खलको, भूतपूर्व हवलदार श्री बेंजामिन मिंज, श्रीमती मनप्यारी कुजूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के कर्मचारी एवं पैरालीगल वॉलीण्टियर श्री निरंजन एक्का तथा निरंतर कुजूर उपस्थित रहे।

### फांसी लगाने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** फांसी लगाने से गंभीर युवती की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर क्षेत्र के भगवानपुर खुर्द निवासी अनिता अगरिया आ. मनोज नायक (16 वर्ष) सुबह घर का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली।

## पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

# कलयुगी बेटे ने की मां की टांगी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी जब्त

जिस मां ने नौ महीने अपने कोख में रखकर अपने ही खून से सींचकर जन्म दिया,कलेजे से लगाकर अपना दूध पिलाकर इस लायक बनाया कि अपने पैरों पर खड़ा हो दुनिया देख सके,कलयुगी बेटे ने उसी मां की हत्या टांगी मारकर कर दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 अगस्त 25 को प्रार्थी सुबरन राम, उम्र 70 वर्ष निवासी फरदबहार, थाना तुमला, ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बहन मृतका दशमती बाई व उसका भांजा आरोपी कमल राम जो कि थाना फरसाबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौरीघाट में रहते हैं, 6 अगस्त 25 को मेहमान के रूप में प्रार्थी के घर फरदबहार आए थे, इसी दौरान दोपहर में वे सभी खाना खाकर आराम कर रहे थे। प्रार्थी की बहन मृतका दशमती बाई उसके घर की परछी में चटाई बिछा कर लेटी हुई थी व प्रार्थी अपने कमरे में लेटा हुआ था। इसी दौरान दोपहर करीबन 2.30 बजे प्रार्थी को अपने घर के आंगन में अपनी बहन मृतका दशमती बाई व अपने भांजे आरोपी कमल राम की झगड़े की आवाज आ रही थी,तभी आवाज सुनकर प्रार्थी ने जब अपने घर के आंगन में जाकर देखा तो पाया कि, उसका भांजा आरोपी कमल राम अपनी मां मृतका दशमती बाई के गर्दन में टांगी से लगातार वार कर रहा है, जिस पर प्रार्थी के द्वारा आस पड़ोस में चिल्लाने पर आरोपी कमल राम टांगी को छोड़कर भाग गया। प्रार्थी ने जब मृतका दशमती बाई के पास जाकर देखा तो पाया, कि दशमती बाई की गर्दन में लगी चोट की वजह से मृत्यु हो गई है।

### चंद घंटे में आरोपी गिरफ्तार

रिपोर्ट पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी कमल राम उम्र 25 वर्ष के खिलाफ थाना तुमला में हत्या के लिए बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया व घटना स्थल का निरीक्षण कर शव का डॉक्टर से पोस्ट मार्टम कराते हुए आरोपी कमल राम को घटना के चंद घंटों के भीतर ही हिरासत में ले लिया गया।

### पारिवारिक विवाद पर क्षुब्ध होकर कर दी हत्या

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी कमल राम के द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसका व उसकी मां दशमती बाई के मध्य पारिवारिक बात को लेकर वाद विवाद हो रहा है, इसी दौरान उसकी मां की किसी बात से वह इतना क्षुब्ध हो गया कि आंगन में रखी लोहे की टांगी से अपनी मां दशमती बाई के गर्दन पर वार कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा आरोपी कमल राम के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी को भी जब्त कर लिया गया है।आरोपी कमल राम के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तारी में इनकी रही भूमिका

मामले की कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक कोमल नेताम, प्रधान आरक्षक फ्रांसिस बेक, आरक्षक हीरा लाल यादव, नगर सैनिक बेनुधर बारीक व देवनन्दन राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि थाना तुमला क्षेत्र में अपनी मां की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है, उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी को भी जब्त किया गया है।

# खाद्य, औषधि विभाग ने मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण



मिठाई दुकानों का निरीक्षण करते खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग।

■ 13 खाद्य नमूने किए गए संकलित, जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला परीक्षण केंद्र भेजा गया

**जशपुरनगर।** रक्षाबंधन त्यौहार को देखते खाद्य औषधि विभाग जिले के विभिन्न मिठाई दुकानों का कर रहे निरीक्षण इसी कड़ी में कांसाबेल विकास खंड में "बने खाबो – बने रहिबो"अभियान के तहत दो दिनों में 13 खाद्य नमूने संकलित, मिठाई दुकानों की गहन जांच किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार "बने खाबो – बने रहिबो" विशेष जन-जागरूकता एवं जांच अभियान के अंतर्गत 04 एवं 05 अगस्त 2025 को जिला जशपुर के विभिन्न मिठाई दुकानों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर जांच कार्यवाही की गई। मधुबन स्वीट्स, बालाजी बीकानेर, तथा उत्कल रेस्टोरेंट से कुल 6 खाद्य नमूने संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए।

# विशेष यूनिट बचा रही नवजात शिशुओं की जान



■ जिला चिकित्सालय की उत्कृष्ट सेवा की कहानी

**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय के विशेष नवजात शिशु देखभाल ईकाई एस.एन.सी.यु. के प्रभारी व शिशु रोग विषेषज्ञ डॉक्टर गौरव सिंह व उनकी टीम के द्वारा बीमार नवजात शिशुओं को ना सिर्फ अति आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है वरन बीमार नवजात शिशुओं की जान बचाकर उनके परिवार में नयी उम्मीद और खुशियां दी जा रही है।

इसी क्रम में माह अक्टूबर 2024 में जिला चिकित्सालय में भर्ती कांसाबेल के ग्राम-खुटीटोली निवासी श्रीमती कंचन का प्रसव समय से पूर्व गर्भधारण के 30वें सप्ताह जनवरी 2025 में हो जाने के कारण बच्चा श्वसन संबंधी विकार आरडीएस जैसेः- सांस लेने में कठिनाई, फेफड़े के संक्रमण, रक्त मे ऑक्सीजन की कमी व न्यूनतम वजन मात्र 940 ग्राम के साथ जन्म हुआ। बच्चे की अवस्था व जीवन के प्रति संघर्ष को देखते हुए उसके बचने की उम्मीद बेहद कम थी। जिसके कारण बच्चे को जिला चिकित्सालय में संचालित विशेष नवजात शिशु देखभाल ईकाई, एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। जहां बच्चे की जीवन की रक्षा व शारिरिक विकास के लिये उसे सर्फेकटेंट थेरेपी फेफड़े के विकास के साथ-साथ अतिरिक्त ऑक्सीजन सर्पोट, फिडिगं ट्यूब के माध्यम से पोषण, तापमान नियंत्रण हेतु इनक्यूबेटर आदि सुविधायें लगभग 58 दिनों तक दिया गया। इस दौरान बच्चे को नियमित रूप से डॉ गौरव सिंह एवं एस.एन.सी.यु. स्टॉफ सुश्री कमला, प्रियंका, अंजली, दीपांजली व अन्य सहयोगी स्टॉफ द्वारा देखभाल, उपचार व बच्चे के माता-पिता को परामर्श सुविधा प्रदान किया गया। बच्चे की माता श्रीमती कंचन ने बताया कि एसएनसीयू में बच्चे की देखभाल व उपचार के कारण डेढ़ माह के भीतर बच्चे का वजन 1.24 किलो ग्राम हो गया। बच्चा माँ का दूध पीने में सक्षम नहीं था जो 58 दिन के देखभाल उपरांत दूध पीने में ना सिर्फ सक्षम हो चुका बल्कि अब उसे सांस लेने मे भी तकलीफ नहीं है। आज सात माह के नियमित देखभाल व मासिक फॉलोअप उपरांत बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

जिस हेतु जिला चिकित्सालय में मिली सुविधा व देखभाल के लिए श्रीमती कंचन ने चिकित्सक डॉ गौरव सिंह सहित सभी स्टॉफ को हृदय से धन्यवाद दिया। डॉ गौरव ने साथ ही बताया कि हर शनिवार को जिला चिकित्सालय में ऑटिज्म, बच्चों के स्वभाव से संबंधित समस्याओं, अतिसक्रिय बच्चों, विकासात्मक देरी युक्त बच्चों हेतु विशेष क्लिनिक का संचालन विगत माह जून 2025 से निरंतर किया जा रहा है।

### कीटनाशक खाकर युवती ने की आत्महत्या

**कोतबा।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 में एक आदिवासी नाबालिग युवती ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। घटना गुरुवार रात की है। आनन-फानन में परिवार वालों ने कोतबा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहाँ उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह 4 बजे उसकी मौत हो गई। मृतका युवती का नाम पुनम सिदार पिता अकबर सिदार बताया जा रहा है। बरहाल पुलिस मौत के कारणों की पतासाजी में जुट गई हैं। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया हैं। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के त्योहार रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व इस घटित घटना से परिवारजनों और नगर में शोक की लहर छाई हुई है। मामले को लेकर कोतबा पुलिस ने बताया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रहे हैं.कि लड़की के परिवार के साथ उसके सम्बंध, दोस्ती या प्रेमी संबंध और अन्य संभावित कारण जो उसे आत्म हत्या के लिए प्रेरित किए हो।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में चित्रकला व राखी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

■ मुख्य उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारना

शुक्रवार को सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शालेय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए रक्षाबंधन पर चित्रकला और राखी बनाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। राखी पर आधारित चित्रकला कक्षा नर्सरी से 2री तक के बच्चों के लिए एवं राखी बनाने का प्रतियोगिता कक्षा 3री से 12वीं तक के बच्चों के लिए रखा गया था।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारने एवं राखी के महत्व को समझने के लिए अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता की अध्यक्षता उप प्राचार्य फादर सिलास टोप्पो ये.स. द्वारा किया गया। राखी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि फादर सुनील खलखो ये.स. प्राचार्य, सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव थे। सुन्दर राखी देखकर ने उनकी खूब सराहना की। इस राखी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने धान, चावल, ऊन, कलर पेपर, मोती, दाल, बीज, पत्ती एवं फूल आदि वस्तुओं का प्रयोगकर सर्जनात्मक, आकर्षक और मनमोहक सुन्दर राखी बनाकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को उजागर किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन कुल 9 जजों के द्वारा सिस्टर सिलमन्ती मिंज, प्रीति लकड़ा, और यशोदा सिदार की अगुवाई में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि फादर सुनील खलखो प्राचार्य ने विद्यार्थियों के आकर्षक, प्रेरणादायक एवं मनमोहक राखी को देखकर कहा सभी राखियां सराहनीय और प्रेरणादायक है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को परिलक्षित करती है। यह त्यौहार भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है, और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाता है। इस पवित्र रिश्ते के द्वारा आकांक्षापूर्ण बच्चों के भविष्य निर्माण और समाज कल्याण शिक्षा पर जोर दिया। साथ ही इस पवित्र रिश्ते को बनाये रखने शुभ संदेश दिया।

# कलेक्टर को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास को शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सदभावना भवन बिजली टोली जशपुर की ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बांधकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। बहनों ने कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट भी किया। कलेक्टर ने बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर को ब्रह्माकुमारी नीलम बहन, रूक्मणी बहन, ममता बहन, कुमारी श्यामा ने राखी बांधी इस अवसर पर सूरज भाई भी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

**बतौली/सेदम।** गुरुवार को तहसील कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पेशी में आए एक व्यक्ति की अचानक हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। कोर्ट के बाहर सुनवाई के लिए अपनी बारी का इन्तजार कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक को अटैक आया। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि गुरुवार को बतौली तहसील कार्यलय में लिंक कोर्ट का संचालन किया जाता है। 7 अगस्त को भी लिंक कोर्ट में एसडीएम नीरज कौशिक राजस्व प्रकरणों की सुनवाई कर रहे थे। इसी कोर्ट में पेशी के लिए ग्राम सरमना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 70 वर्षीय सहदेव पैकरा आ. भद्र पैकरा भी आए हुए थे।

# शिविर में दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार व वाहन मालिकों ने लिया भाग

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित पत्थलगांव एवं कुनकुरी में शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्युत वितरण कंपनी के समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों, वाहन मालिकों ने भाग लिया।

वितरण कंपनी पत्थलगांव के शिविर में कार्यपालन यंत्री एसपी मरकाम द्वारा सभी को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते अधिकारी।

उनके द्वारा सभी को सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित किया गया, एवं मिलने वाला सब्सिडी के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ बैंक फाइनेंस करने की भी संपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में कार्यपालन यंत्री के अतिरिक्त सहायक यंत्री मनीष कुमार खत्री, कनिष्ठ यंत्री पत्थलगांव कुल रंजन मिंज एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित हुए। एसपी मरकाम के द्वारा बताया गया कि 1 किलो वाट का सोलर पैनल लगवाने पर केंद्र सरकार के द्वारा 30 हजार एवं राज्य सरकार के द्वारा 15 हजार का अनुदान दिया जाता है, 2 किलो वाट का सोलर पैनल लगाने पर केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार का अनुदान दिया जाता है इसी तरह 3 किलो वाट या उससे अधिक का सोलर पैनल लगवाने पर केंद्र सरकार द्वारा अधिकतम अनुदान 78000 एवं राज्य सरकार द्वारा अधिकतम 30000 का अनुदान दिया जाता हैं।

कुनकुरी में आयोजित शिविर में सहायक यंत्री लोक नाथ नेताम, कनिष्ठ यंत्री कुनकुरी गिरधर कुमार, कनिष्ठ यंत्री दुलदुला अनिल साय, कनिष्ठ यंत्री तपकरा रामपाल कंवर, एवं बिलिंग प्रभारी रिजवान उल हक उपस्थित होकर योजना का विस्तृत जानकारी दिया गया।

## जिले की लगभग 62 प्रतिशत आबादी जनजातीय समुदाय से आती है

# विश्व आदिवासी दिवसः परंपरा, प्रकृति और पहचान का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

9 अगस्त को पूरी दुनिया में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, संस्कृति और परंपरा को याद करने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लेने का भी अवसर है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय प्रायः पूरे राज्य में निवास करता है, लेकिन उत्तर-पूर्व में स्थित जशपुर जिला अपनी विशिष्ट पहचान के कारण विशेष महत्व रखता है।

2011 की जनगणना के अनुसार, जिले की लगभग 62 प्रतिशत आबादी जनजातीय समुदाय से आती है। यहां कई जनजातियां निवास करती हैं, जिनमें अति पिछड़ी जनजाति विशेषकर पहाड़ी कोरवा का भी विशेष उल्लेख है, जो मुख्य रूप से बगीचा और सन्ना क्षेत्र में रहती है। इन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र होने का सम्मान प्राप्त है, जो इनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को और बढ़ाता है।



**प्रकृति से गहरा रिश्ताः** आदिवासी समाज का जीवन प्रकृति के साथ घुला-मिला है। वे जंगल, पहाड़, नदियों और खेतों के बीच रहते हैं और इन्हें अपनी धरोहर मानते हैं। जल, जंगल और जमीन उनके जीवन का आधार हैं। उनकी जीवनशैली सरल, सहज और आत्मनिर्भर होती है, जिसकी झलक उनकी कला, शिल्प, त्यौहार और पारंपरिक नृत्यों में स्पष्ट दिखती है। आदिवासी केवल प्रकृति की पूजा नहीं करते, बल्कि उसे सुरक्षित रखने के लिए अपनी परंपराओं और सामाजिक नियमों का पालन करते हैं।

**विश्व आदिवासी दिवस का इतिहासः** विश्व आदिवासी दिवस की नींव 9 अगस्त 1982 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा रखी गई, जब मूल निवासियों का पहला सम्मेलन आयोजित हुआ। 1994 में इसे आधिकारिक रूप से मनाने की घोषणा की गई। तब से हर वर्ष यह दिन आदिवासियों के अधिकारों, समस्याओं और उपलब्धियों पर विमर्श का अवसर बनता है। इस दिन का उद्देश्य केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को यह याद दिलाना है कि आदिवासी हमारी सांस्कृतिक और पारिस्थितिक धरोहर के अभिन्न अंग हैं। वे सदियों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जैव विविधता और सतत जीवनशैली के सबसे बड़े उदाहरण रहे हैं।

**भाषा और संस्कृति के संरक्षण की चुनौतीः** आज वैश्वीकरण और बदलते समय के साथ आदिवासी समुदाय अपनी भाषा और संस्कृति से धीरे-धीरे दूर हो रहा है। जबकि भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि पूरी सभ्यता और पहचान का आधार है। अगर घर-परिवार और गांव में अपनी मातृभाषा में संवाद नहीं होगा, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए इन भाषाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। जशपुर जिले के अधिकांश आदिवासी बच्चे गांवों में रहते हैं। उनके लिए हिंदी या अंग्रेजी में शिक्षा प्राप्त करना प्रारंभिक स्तर पर कठिन होता है। मातृभाषा में शिक्षा न केवल उनकी सीखने की गति को बढ़ाती है, बल्कि आत्मविश्वास भी जगाती है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था में स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता देना जरूरी है।

### नृत्य, हस्तशिल्प और पारंपरिक कृषि पद्धतियां

जशपुर के आदिवासी नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक हैं। करमा नृत्य में वृक्षारोपण और फसल के प्रति कृतज्ञता झलकती है, जबकि झुमर नृत्य में युवाओं की उमंग और सामाजिक मेल-जोल का रंग दिखाई देता है। यहां के हस्तशिल्प में बाँस और लकड़ी की कलाकृतियां, पारंपरिक टोकरी, चटाई और कृषि उपकरण विशेष स्थान रखते हैं। ये न केवल उनकी रचनात्मकता का परिचायक हैं, बल्कि उनके आत्मनिर्भर जीवन का भी प्रतीक हैं। पारंपरिक कृषि पद्धतियों में जैविक खेती, मिश्रित फसल प्रणाली और वर्षा आधारित कृषि प्रमुख है, जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर उपज सुनिश्चित करती है। यह ज्ञान पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक रूप से हस्तांतरित होता रहा है और आज भी स्थायी कृषि का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कदम

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आदिवासी समाज के ज्ञान, परंपराओं और संसाधनों को केवल इतिहास का हिस्सा न बनने दें। उनके कला, शिल्प और भाषा को शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जीवित रखा जाए। साथ ही आधुनिकता के साथ संतुलन बनाकर उनकी जीवनशैली को बेहतर अवसरों से जोड़ा जाए, ताकि वे विकास की मुख्यधारा में शामिल रहकर भी अपनी पहचान बरकरार रख सकें। विश्व आदिवासी दिवस केवल आदिवासियों का उत्सव नहीं, बल्कि यह हम सबके लिए प्रकृति, संस्कृति और मानवीय मूल्यों को बचाने का संकल्प लेने का दिन है। जशपुर जैसे जिलों की आदिवासी परंपराएं हमें यह सिखाती हैं कि विकास का सही अर्थ तभी है, जब हम अपनी जड़ों को संजोकर आगे बढ़ें।

### ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 1 लाख की ठगी

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से एक लाख की ठगी किया गया। पीड़ित युवक ने ठगी करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी से शिकायत की है। थाना अंतर्गत ग्राम खोरमा कैराडांड निवासी सूर्यकांत सिंह आ. शंकर सिंह ने प्रतापपुर थाना प्रभारी से शिकायत किया है कि उसे ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख की ठगी की गई है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को बताया कि 15 जनवरी को प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम दरहोरा निवासी धर्मजीत राजवाड़े ने उसे ग्राम पंचायत में किसी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और नौकरी के एवज में 1 लाख रुपए की मांग की।



तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025



ऑनलाइन खनिज पोर्टल 2.0 पर हुआ तकनीकी प्रशिक्षण





## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ग्रेटर ने बच्चों को दिखाई नरसिम्हा फिल्म

**रायगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर की अभिनव पहल के तहत 7 अगस्त को शहर के रामनिवास टॉकीज में 250 स्कूली बच्चों और शिक्षकों को निःशुल्क नरसिम्हा दशावतार फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम संस्थापक रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी व अध्यक्ष मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। बच्चों के लिए नाश्ता.पानी की व्यवस्था भी की गई थी। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा का उपयोगी माध्यम बताया।

### लॉयंस ने विद्यार्थियों को बांटी शिक्षण सामग्री

**रायगढ़।** लॉयंस क्लब मिडटाउन द्वारा शिक्षा एवं छात्र उत्थान कार्यक्रम के तहत ग्राम कलमी डीपापारा स्थित नवीन प्राथमिक विद्यालय में 79 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, टाई, बेल्ट, जूते.चप्पल सहित जरूरी सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी के मार्गदर्शन में संयोजक लॉयन संतोष चौधरी एवं रॉबिन अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों में खुशी का माहौल रहा। स्कूल प्रबंधन ने सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार जताया।

### विधिक सहायता क्लीनिक का शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा.निर्देशानुसार कार्यालय जिला सैनिक कल्याण बोर्डए जिला रायगढ़ में जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा नालसा वीर परिवार सहायता योजनाए के तहत विधिक सहायता क्लीनिक की स्थापना एवं शुभारम्भ किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को नालसा वीर परिवार योजना के बारे में अवगत कराया तथा उन्हें नालसा के स्कीम के तहत प्राप्त होने वाले निशुल्क विधिक सेवा एवं सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में देवेन्द्र साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसटीएससी पाक्सो रायगढ़, श्रीमती अंकिता मुदलियार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुबेदार मेजर बालकिशन राम, कल्याण संयोजक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, सुबेदार अनिल कुमार, अधीक्षक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस कौंसिलगण, रायगढ़ के भूतपूर्व सैनिकगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित हुए।

### नीलामी के लिए 14 तक मंगाई गई निविदा

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाए रायगढ़ में उपलब्ध आयरन तथा अन्य स्क्रेप सामग्री की नीलामी के लिए 14 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा उसी दिन शाम 4 बजे निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### वॉक इन इंटरव्यू के मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी द्वारा विभिन्न कोर्सों के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु अस्थायी प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए 29 जुलाई को आयोजित वॉक.इन इंटरव्यू की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इस संबंध में अभ्यर्थियों की पात्रध्अपात्र सूचीए मेरिट सूचीए चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची को जिले की आधिकारिक वेबसाइट एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर अपलोड कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित जानकारी का अवलोकन जिला कार्यालय के सूचना पटल पर या जिले की वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं।

---

## जिस मिठाई को लोग खा चुके होंगे, उसकी जांच रिपोर्ट डेढ़ महीने बाद आएगी

# जरा संभलकर खाइए मिठाई, क्योंकि असली है या नकली डेढ़ महीने बाद आएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज रक्षाबंधन का त्यौहार है। इस पर्व भाई बहनों का माना जाता है। बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधने के बाद उसका मुंह मीठा कराएगी। इस लिहाज से यह त्यौहार एक तरह से मिठाइयों का भी है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जिस मिठाई को आप बड़े विश्वास से खायेंगे।उसकी जांच रिपोर्ट तब आती है जब वह आपके पेट से भी नीचे जा चुकी होती है।

रायगढ़ में स्वास्थ्य विभाग का फूड एंड सेफ्टी अमला आजकल सिर्फ कागज रंगने और फाइलें भरने में व्यस्त है। जबकि आम जनता की सेहत से उसका कोई लेना.देना नहीं बचा है। त्योहार आया। कुछ फोटो खिंचे। सैंपल लिया गया। और फिर वही सड़ा.गला सिस्टम। सैंपल रायपुर भेजा गया। 45 दिन इंतज़ार करो। तब तक लोग वह सामान खा चुके होते हैं। ऐसे में यह कार्रवाई सिर्फ एक सेफ्टी ड्रामा है। असल काम तो सेटिंग.गेटिंग और खानापूर्ति है। प्रत्येक सालों की भांति आज भी मार्केट में खूब मिठाइयां बिकेंगे।



### सैंपल के बाद कुछ नहीं होता क्योंकि रिपोर्ट मिलता है लेट

सैंपलिंग के बाद सबसे बड़ा मजाक ये होता है कि संदिग्ध खाद्य उत्पादों पर तुरंत कोई रोक नहीं लगाई जाती। मतलब जिस मिठाई में रंग या केमिकल मिला हो, वह आराम से बिकती रहती है। अधिकारी आंख मूंदे रहते हैं क्योंकि उन्हें मालूम है कि रिपोर्ट आने में डेढ़ महीना तो लगेगा हीए तब तक मामला ठंडा हो जाएगा। और रही बात कार्रवाई की तो उसका प्रतिशत शून्य से भी कम है। मिलावटखोरों को सजा देना तो दूरए उनके नाम तक सार्वजनिक नहीं किए जाते।

### त्योहार में बाहर, बाकी समय गुमनामी में रहते हैं अफसर

फूड सेफ्टी ऑफिसर सालभर कहां रहते हैं। कोई नहीं जानता। मगर जैसे ही दिवाली, रक्षाबंधन या सावन का मौसम आता है अचानक प्रकट हो जाते हैं। मीडिया में दिखने, दुकानों में दिखावे की दबिश देने और अपने विभाग की मौजूदगी दर्ज कराने। मगर असली सवाल है कि जब मिलावट का बाजार सालभर गर्म रहता है, तब ये अफसर कहां रहते हैं।

### रायपुर के लैब में होती है टेस्टिंग

फूड सैंपल रायपुर की लैब में भेजी जाती है। जहां पूरे प्रदेश से हजारों सैंपल आते हैं। अब उस भीड़ में रायगढ़ की रिपोर्ट कब आएगी। ये खुद अफसरों को भी पता नहीं होता। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या रायगढ़ जैसे बड़े और व्यस्त जिले में खुद की एक मिनी लैब नहीं होनी चाहिए। क्या हमारी सेहत की कीमत इतनी कम है कि हमें 45 दिन बाद सच्चाई का इंतजार करना पड़े।

### बने खाबो बने रहिबो का नारा देती है विभाग

स्वास्थ्य विभाग ने इस साल बने खाबो बने रहिबो का स्लोगन दिया है। ये स्लोगन रक्षाबंधन से ठीक पहले जारी हुआ है। नारा अपने आप में बहुत आकर्षक है। मगर हकीकत ये है कि यह अभियान सिर्फ बैनर.ब्रोशर तक सिमट कर रह गया है। जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं दिखता। आज भी शहर और गांवों की दुकानों में घटिया तेल, नकली मावाए पुराना रंगीन पापड़, और बिना लेबल वाले नमकीन खुलेआम बिक रहे हैं। दूसरी तरफ शहर में बिकने वाली मिठाइयों की पूरी सैंपलिंग भी नहीं हो पाती है।

### मिठाइयों का रेट फिक्स नहीं, तीन गुने दाम में बिक्री

एक तरफ जहां मिठाइयों की सैंपलिंग जांच के मामले में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की लापरवाही दर्ज हो रही है। तो वहीं दूसरी तरफ मिठाईयों की कीमत को लेकर भी कोई गाईडलाइन निर्धारित नहीं की गई है। रक्षाबंधन से एक सप्ताह पहले तक कम कीमत में बिकने वाली मिठाइयों की कीमत में आज अचानक उछाल आएगी। मिठाइयों की कीमत लगभग तीन गुना अधिक होगी। जिसपर फिलहाल प्रशासन की कोई बंदिश नहीं है।

बाजार में बिकने वाली मिठाइयों की समय समय पर जांच होती है। अभी जितने भी सैंपल लिए गए हैं उनका जल्दी फॉलोअप किया जाएगा। कोशिश है कि जल्द से जल्द रिपोर्ट मिले और कार्रवाई हो।

**डॉ अनिल कुमार जगत**
सीएमएचओ,रायगढ़।

---

### डोंगीतराई में वित्तीय समावेशन शिविर

**रायगढ़।** भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर पूरे देश में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत रायगढ़ जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रायगढ़ ब्लॉक के डोंगीतराई ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी जिला कार्यालय की अगुवाई में हुआ, जिसमें क्षेत्र की प्रमुख बैंक शाखाओं एसबीआई खरसिया, कबीर चौक, सीजी ग्रामीण बैंक किरोड़ीमल, कुसमुरा, पुटकापुरी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईसीआईसीआई बैंक और पंजाब नेशनल बैंक रायगढ़ – ने सहभागिता की। शिविर का निरीक्षण भारतीय रिजर्व बैंक, रायपुर के महाप्रबंधक मनीष पाराशर ने किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों व ग्रामीण लाभार्थियों से संवाद कर वित्तीय समावेशन की आवश्यकता, डिजिटल सुरक्षा, निष्क्रिय खातों की केवाईसी, बीमा योजनाओं व सरकारी ऋण योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक दीपेश तिवारी, एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक धमेन्द्र रावत, सीजी ग्रामीण बैंक आरएम प्रवीण केतकी एवं स्टाफ उपस्थित थे।

---

## पीएम सूर्यघर योजना से रोशन हो रहे 197 घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना रायगढ़ जिले में तेजी से प्रभाव दिखा रही है। अब तक जिले के 197 घरों में सौर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे न सिर्फ परिवारों को बिजली बिल से राहत मिली है, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ा कदम बढ़ा है। सौर रूफटॉप सिस्टम से प्रत्येक घर को औसतन 3,000 से 5,000 रुपये तक की सीधी बचत हो रही है। इसके साथ ही कई हितग्राही अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। योजना से जुड़े लोगों ने बताया कि अब बिजली बिल की चिंता खत्म हो गई है और वे पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में सहयोगी बन सके हैं। योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता वाले सोलर प्लांट से प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पन्न होती है, जिस पर केंद्र से 30,000 और राज्य से 15,000 यानी कुल 45,000 की सब्सिडी दी जाती है। हितग्राही को मात्र 15,000 वहन करना होता है। 2 किलोवाट सिस्टम पर 90,000 की लागत में 60,000 की सब्सिडी और 3 किलोवाट के प्लांट पर कुल 1,08,000 की सब्सिडी (78,000 केंद्र व 30,000 राज्य) मिलती है। 3 किलोवाट प्लांट के लिए हितग्राही को केवल 72,000 खर्च करने होते हैं। जो आसान ऋण के माध्यम से भी उपलब्ध है।



■ योजना से बिजली बिल में राहत, बढ़ रही आत्मनिर्भरता

---

## मेडिकल कॉलेज में नियम ताक पर, मरीजों की सेहत पर खतरा

# मेडिकल कॉलेज या कचरा घर : खुले में फेंकी जा रही संक्रमित सामग्री, बढ़ा संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल से प्रतिदिन निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को डंप करने के लिए भले ही अलग से व्यवस्था तय की गई हो। लेकिन हकीकत यह है कि यह कचरा अस्पताल परिसर के भीतर ही खासकर अस्पताल की पीछे की ओर खुले में फेंका जा रहा है। इससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि मरीजों और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के भीतर मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली इंजेक्शन की सीरिंज, ड्रिप की बोतलें, पट्टियां, बैंडेज और खून लगे मेडिकल कपड़े जैसी बायोमेडिकल सामग्री को साफ-सफाई के नियमों को दरकिनार कर अस्पताल के पीछे की खिड़कियों से सीधे फेंका जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों की यह लापरवाही न सिर्फ बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का उल्लंघन है बल्कि यह कचरा आम लोगों के संपर्क में आकर बीमारियों और संक्रमणों का कारण भी बन सकता है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि अस्पताल परिसर में गीले और सूखे कचरे के लिए कूड़ेदान और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था मौजूद है। इसके बावजूद इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। यह साफ दर्शाता है कि अस्पताल प्रशासन की ओर से निगरानी और अनुशासन की कमी है और जिम्मेदार कर्मचारी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।



### जवाबदेह है कचरा उठाने वाली एजेंसी

मेडिकल कचरे के निस्तारण की जिम्मेदारी जिस एजेंसी को सौंपी गई है। उसने पूरी तरह से अपने कर्तव्यों को दरकिनार कर दिया है। यह एजेंसी नियमित रूप से अस्पताल से कचरा उठानेए उसे सुरक्षित तरीके से अलग करने और नियमानुसार डंपिंग यार्ड तक पहुंचाने की जिम्मेदार है। लेकिन हकीकत यह है कि कई दिनों से यह कचरा न तो उठाया जा रहा है और न ही सही जगह पर डंप किया जा रहा है। बता दें अस्पताल से दो तरह का कचरा निकलता है। एक सामान्य कचरा रहता है, जबकि दूसरा मेडिकल वेस्टेज।

### प्रशासन भी मौन, निरीक्षण तक नहीं

आश्चर्य की बात यह है कि इस गंभीर स्थिति को लेकर प्रशासनिक अमला और अस्पताल प्रबंधन भी पूरी तरह चुप है। न तो एजेंसी पर कोई जुर्माना लगाया गया है। न ही किसी तरह की सख्ती की गई है। मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल में इलाज के साथ अब गंदगी और संक्रमण से भी लड़ना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन और मेडिकल वेस्ट के लिए भी खास कूड़ेदान रखे गए हैं। लेकिन जब एजेंसी कचरा उठाने ही नहीं आती तो यह सारी व्यवस्था बेमतलब हो जाती है। कर्मचारी भी अब कचरे को पीछे फेंकने लगे हैं जिससे परिसर प्रदूषित हो रहा है।

### एजेंसी की लापरवाही से फैला गंदगी का साम्राज्य

अस्पताल के पीछे लगे कचरे के ढेर से दुर्गंध फैल रही है। मच्छरों और आवारा जानवरों का जमावड़ा हो रहा है। बारिश के मौसम में यह कचरा नालियों के साथ बहकर आसपास के रिहायशी इलाकों तक पहुंच सकता है। जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा कई गुना बढ़ गया है। लेकिन इसके बावजूद कचरा प्रबंधन एजेंसी पूरी तरह निष्क्रिय बनी हुई है।

अस्पताल से निकलने वाले सभी तरह के कचरों को डंपिंग यार्ड भेजा जाता है। हो सकता हो इसमें थोड़ा विलंब हुआ हो। प्रबंधन पूरी कोशिश करता है कि अस्पताल परिसर में कचरे न हों।

**डॉ. शोभित माने,**
सहायक अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल।

---

# गांवों में स्थापित होंगे हाथी मितान और हाथी वार्ता केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी-मानव संघर्ष को कम करने और ग्रामीणों को समय पर जानकारी देने के उद्देश्य से वन विभाग ने एक नई पहल की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत धरमजयगढ़ परिक्षेत्र के ओंगना गांव में हाथी मितान और हाथी वार्ता केंद्र की स्थापना की गई है।

गांव में चयनित व्यक्ति को हाथी मितान के रूप में चिन्हित किया गया है, जो ग्रामीणों को हाथी की गतिविधियों, उनके व्यवहार, उपस्थिति और सुरक्षा उपायों की जानकारी देगा। हाथी वार्ता केंद्र में गांव का नक्शा तैयार कर उन घरों को चिन्हित किया गया है जो जंगल से सटे हुए हैं या हाथियों के लिए संवेदनशील माने जाते हैं। इन घरों के संपर्क नंबर भी दर्ज किए गए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना देकर लोगों को सुरक्षित किया जा सके। हाथी वार्ता केंद्र के माध्यम से ग्रामीणजन हाथी मितान से सीधे चर्चा कर सकते हैं और हाथी से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को हाथी व्यवहार और सुरक्षा से संबंधित पाम्पलेट वितरित किए गए। वन विभाग ने इस पहल को हाथी-मानव द्वंद को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।



---

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांवों में चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के संग स्वतंत्रता का उत्सव विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जनभागीदारी और सामुदायिक सहयोग से चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों एवं विकासखंडों में तिरंगा यात्राए स्वच्छता शपथए विशेष सफाई अभियान और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल एवं स्वच्छता संकल्प के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति और स्थायी स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम जल स्वच्छता समितिए स्वच्छाग्रही दीदियोंए स्व.सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, स्कूली बच्चों एवं स्वच्छता प्रेरकों को अभियान से जोड़ने को कहा है। अभियान के दौरान प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 9 अगस्त को स्कूली बच्चों के व्यक्तिगत स्वच्छता का निरीक्षण, स्वच्छता प्रतियोगिताएं और अनुश्रवण चार्ट का अवलोकन किया जाएगा। 10 अगस्त को स्वच्छाग्रही दीदियों और युवाओं द्वारा गांव के गंदगी वाले क्षेत्रों की सफाई और राष्ट्रीय चौपाल में स्वच्छता संवाद होगा। 11 अगस्त को ग्राम पंचायतें स्वच्छता परिसंपत्तियों का निरीक्षण कर उनके रखरखाव पर कार्य करेंगी। 12 अगस्त को किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर संवाद होगाए जिसमें मितानिनए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वच्छाग्रही दीदियां शामिल रहेंगी। 13 अगस्त को विशेष ग्रामसभा आयोजित कर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधए यूजर चार्ज कलेक्शन एवं मानदेय निर्धारण पर चर्चा होगी। 14 अगस्त को स्वच्छता दौड़ और साइक्लोथॉन प्रतियोगिता के साथ स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी। 15 अगस्त को गांवों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और अमृत सरोवर सहित स्वच्छता परिसंपत्तियों पर ध्वज फहराया जाएगा। साथ ही स्वच्छता कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले स्वच्छाग्रहियों को सम्मानित कर प्रशंसा पत्र प्रदान किए जाएंगे।

**खास बात**

■ तिरंगा यात्रा से लेकर स्वच्छता संवाद और ध्वजारोहण तक होंगे कार्यक्रम

---

## इस्कॉन रायगढ़ का महामहोत्सव 15 अगस्त को रेड क्वीन गार्डन में

# जन्माष्टमी में एनआईटी रायपुर देगा भक्ति संगीत की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर इस बार रायगढ़ में भव्य आयोजन की तैयारी है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस इस्कॉन प्रचार केंद्र रायगढ़ द्वारा 15 अगस्त को रेड क्वीन गार्डन में महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एनआईटी रायपुर और खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के छात्र भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे स्वस्तिवाचन से होगी और रात 12:30 बजे महाआरती के साथ समापन होगा। इस आयोजन को लेकर इस्कॉन रायगढ़ और रायपुर की टीम बीते तीन महीनों से तैयारी कर रही है। आयोजन में इस्कॉन की परंपरा अनुसार हरिनाम संकीर्तनए भजन संध्याए श्रीकृष्ण का महा अभिषेक, बाल महोत्सव, पुष्प अभिषेक, फूलों की होली और 56 भोग अर्पण जैसे भव्य आयोजन शामिल होंगे।



### भक्ति से जुड़े 400 से अधिक श्रद्धालु

रायगढ़ इस्कॉन के यूथ विंग की स्थापना 3 वर्ष पूर्व की गई थी। इसका उद्देश्य युवाओं को श्रीकृष्ण की भक्ति और श्रीमद् भगवद्गीता की शिक्षाओं से जोड़ना है। आज इस संस्था से रायगढ़ के लगभग 400 श्रद्धालु जुड़े हैं, जिनमें से 70 लोग नियमित रूप से भक्ति करते हैं और 150 से अधिक लोग विशेष आयोजनों में भाग लेते हैं।

### इंजीनियर और संगीतज्ञ मिलकर गाएंगे कृष्ण भजन

इस्कॉन रायपुर के मुख्य पुजारी मिथिलापति दास ने बताया कि रायगढ़ में आयोजित इस महामहोत्सव की खास बात यह है कि एनआईटी रायपुर के इंजीनियरिंग छात्र श्रीकृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के दो समूहों द्वारा शास्त्रीय गायन और वादन की प्रस्तुति भी होगी। रायगढ़ के स्थानीय कलाकार, स्कूलों के बच्चे और युवा भी इस भजन संध्या में भाग लेंगे।

### बाल महोत्सव और स्वस्तिवाचन होंगे विशेष आकर्षण

इस्कॉन रायगढ़ के प्रमुख कमल किशोर दास ने बताया कि 15 अगस्त को दोपहर 3 बजे कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा स्वस्तिवाचन से होगीए जिसमें छोटे-छोटे बच्चे संस्कृत मंत्रों का उच्चारण करेंगे। इसके बाद बाल महोत्सव की शुरुआत होगी, जिसमें 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए भजन, लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई है।

## खबर संक्षेप



### तिरंगा अभियान का मंडल भाजपा की बैठक

**घरघोड़ा।** भाजपा मंडल कुडुमकेला के ग्राम टेरम में आगामी 10 अगस्त से 15 अगस्त तक होने वाले ष्हर घर तिरंगाए घर-घर तिरंगाके तहत तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की आयोजित बैठक संम्पन हुई, जिसके मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सुनील ठाकुर द्वारा बताया गया कि हमारे मंडल के सभी बुथों पर सभी को साथ लेकर हर घर तिरंगा लगाकर, तिरंगा यात्रा निकाली जाए मंडल स्तर पर भी तिरंगा यात्रा सुनिश्चित की गई। जिसमें प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी शक्ती केंद्रों पर तिरंगा यात्रा प्रभारी बनाया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जगाना है। इस कार्यक्रम मंडल प्रभारी सुनील ठाकुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, साथ में पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश बेहरा, मंडल अध्यक्ष राजेश बेहरा, मंडल महामंत्री अभिराम गुप्ता, मंडल महामंत्री गगनसिंह राजपूत, जनपद पंचायत सदस्य, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सिरोत्तम चौहान, सह संयोजक निर्मला महंत सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विकास बने विधायक लालजीत के प्रतिनिधि



**घरघोड़ा।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने जनसेवा और प्रशासनिक समन्वय को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वार्ड क्रमांक 8 नवापारा घरघोड़ा निवासी विकास मित्तल को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वर्षों से जमीनी स्तर पर सक्रिय विकास मित्तल सड़क, पानी, बिजली जैसी जनसमस्याओं को शासन तक पहुंचाने और समाधान कराने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि के रूप में वे अब पंचायत व राजस्व से जुड़ी प्रशासनिक बैठकों में अधिकृत रूप से भाग लेंगे। विधायक द्वारा रायगढ़ कलेक्टर को पत्र भेजकर इसकी सूचना दी गई है और विभागों को निर्देशित किया गया है। इस नियुक्ति को जनता के लिए एक मजबूत माध्यम और जनसंपर्क की नई पहचान के रूप में देखा जा रहा है।

### सीएम को संस्कृति गौरव सम्मेलन में आमंत्रण



**रायगढ़।** अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर उन्हें 14 अगस्त को धरमजयगढ़ में आयोजित संस्कृति गौरव महासम्मेलन में शामिल होने हेतु निमंत्रण सौंपा। यह कार्यक्रम स्व कुमार दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति और योगदान को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने आयोजन के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और इसे संस्कृति संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश, दोषियों पर होगी कार्रवाई

# अब नहीं चलेगा अवैध निर्माण और राशन में गड़बड़ी, कलेक्टर ने सुनाया सख्त फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध निर्माण, पीडीएस में गड़बड़ी और राजस्व प्रकरणों के निराकरण को लेकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अवैध निर्माण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

कलेक्टर ने रायगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, लैलूंगा और घरघोड़ा अनुविभागों में हो रहे या हो चुके अवैध निर्माणों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां कहीं भी नियमों का उल्लंघन कर निर्माण किया गया है, वहां नियमानुसार तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़े तो पुलिस प्रशासन की मदद लेकर अवैध निर्माण को हटाया जाए और नियमों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में सामने आई अनियमितताओं पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन दुकानों में खाद्यान्न की कमी या गड़बड़ी पाई गई है, उनसे वसूली की जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी न तो स्वीकार की जाएगी और न ही माफ की जाएगी।





### फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश

बैठक में एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों से कहा कि यह कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में किसानों को कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही खरीफ फसल सर्वेक्षण हेतु सर्वेयर चयन, सर्वे प्लान तैयार करने और गिरदावरी का कार्य तय समय में पूरा करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, श्री रवि राही सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करते हुए जनता के प्रति जवाबदेह रहने की बात कही।

### नामांतरण, सीमांकन जैसे मामलों का शीघ्र निराकरण जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि लंबित ई-कोर्ट प्रकरण, नामांतरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन आदि के निराकरण को प्राथमिकता दी जाए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का जल्द निराकरण हो और इनके व्यापक प्रचार-प्रसार से अधिकतम हितग्राहियों को लाभ मिले। बैठक में लीड बैंक, नजूल रिकॉर्ड, कोटवारी सेवा भूमि, स्वामित्व योजना, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, सड़क दुर्घटना मुआवजा और आरबीसी 6-4 के मामलों की भी समीक्षा की गई। सभी विषयों पर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# ऑनलाइन खनिज पोर्टल 2.0 पर हुआ तकनीकी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खनिज विभाग द्वारा विकसित खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को जिला कार्यालय परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें रायगढ़ और कोरबा जिले के लघु एवं बड़े खनिज पट्टेदारों, डीलरों, ठेकेदारों एवं तकनीकी कर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण में पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल जैसे- खनिज रिपोर्टिंग, डिलीवरी चालान, भंडारण, स्वीकृति प्रबंधन, भुगतान प्रक्रिया, पारदर्शिता उपाय, उपयोगकर्ता लॉगिन और सहायता केंद्र की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से खनिज संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, ई-गवर्नेंस को बढ़ावा और भ्रष्टाचारमुक्त प्रणाली के लिए है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इस पोर्टल से खनिज राजस्व में पारदर्शिता आएगी, रिपोर्टिंग में त्रुटियां कम होंगी और सभी संबंधित हितधारकों को तत्काल जानकारी मिल सकेगी। प्रोजेक्ट मैनेजर रूपरंजन और मास्टर ट्रेनर संजीव पासवान ने तकनीकी सत्रों को संचालित किया। प्रशिक्षण के अंत में उपस्थित प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान करते हुए आगामी माहों में इस पोर्टल से जुड़ी सुविधाओं में और सुधार के संकेत दिए गए।

# बहनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को बांधी राखी, मिला स्नेह, आशीर्वाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जिला पंचायत सारंगढ़.बिलाईगढ़ में एक भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय को जिला पंचायत की महिला सदस्यों एवं बहनों ने राखी बांधकर उनके स्वस्थए सुखद एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

बहनों ने विधिवत रूप से तिलक लगाकरए आरती उतारी और राखी बांधी। पाण्डेय ने भी बहनों को उपहार भेंट की और उन्हें समाज में महिलाओं की भूमिका और सम्मान को सर्वोपरि बताते हुए भरोसा दिलाया कि वे सदैव बहनों की रक्षा, सम्मान और उत्थान के लिए तत्पर रहेंगे। पाण्डेय ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा यह पर्व न केवल भाई.बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि समाज में प्रेमए विश्वास और कर्तव्यबोध का भी संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को प्रसाद व मिठाई वितरण कर रक्षाबंधन का उत्सव पूर्ण गरिमा के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यगण, भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता, पत्रकार बंधु, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर रक्षाबंधन पर्व को भाईचारे, स्नेह और सामाजिक रूप में मनाया।

### छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता उत्सव में निकाली तिरंगा रैली



**सारंगढ़।** स्वतंत्रता के उत्सव पर देशभक्ति की भावना को जन.जन तक पहुंचाने और जनचेतना को राष्ट्र के प्रति सशक्त बनाने के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिररी बरमकेला के स्कूल से तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं, प्राचार्य एस आर बैरागी सहित शिक्षक आदि शामिल हुए। स्कूल से प्रारंभ होकर नगरीय निकाय और गांव के गलियों में छात्र छात्राओ ने अपनी आवाज की पूरी ताकत से भारत माता की जय नारा लगाकर देशभक्ति की भावना को स्कूल, गली, गांव और शहर के माहौल को भारतीय राष्ट्रीयता की भावना से भर दिया।

# सीईओ ने सचिवों के साथ ली पहली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



जनपद पंचायत पुसौर में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की परंपरा के तहत नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी ने 6 अगस्त बुधवार को जनपद के सभा कक्ष में अपनी पहली साप्ताहिक बैठक ली।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जनपद क्षेत्र की सभी 89 ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ-साथ मनरेगा, आरईएस विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अधोसंरचना निर्माण कार्य, प्राधिकरण योजना सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सीईओ गोस्वामी ने अधूरे व अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र आरंभ करने तथा प्रगतिरत योजनाओं को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सचिवों की मांग पर सीईओ ने सूचना का अधिकार अधिनियम के मुख्य प्रावधानों पर सभी सचिवों को संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिकोण से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाने, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और घर-घर तिरंगा लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद सचिवों ने आपसी चर्चा में बताया कि यह बैठक अब तक की अन्य साप्ताहिक बैठकों से अधिक विस्तृत, संवादात्मक और उपयोगी रही। सचिवों का मानना है कि सीईओ विवेक गोस्वामी के नेतृत्व में न केवल दस्तावेजों के संधारण, बल्कि योजना लेखन और हितग्राही कार्यों की निगरानी एवं क्रियान्वयन के नए तरीके सीखने को मिल सकते हैं।

■ विकास कार्यों और योजनाओं की गहन समीक्षा

# बीएसएनएल का फ्रीडम प्लान लॉन्च, सिर्फ 1 रुपए में पाएं 4जी, 5जी सिम व कई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक फ्रीडम प्लान लॉन्च किया हैए जिसकी शुरुआत 1 अगस्त से हो चुकी है। इस योजना के तहत मात्र 1 रुपए के रिचार्ज पर बीएसएनएल का 4जी और 5जी सिम कार्ड बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। इसके साथ हीए दूसरे ऑपरेटर के सिम को भी सिर्फ 1 रुपए में बीएसएनएल में पोर्ट करने की सुविधा दी जा रही है। इस योजना में 30 दिन की वैधता के साथ ग्राहकों को हर दिन 2जी हाई.स्पीड डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और 100 एसएमएस प्रतिदिन की सुविधा मिल रही है। यह प्लान नया सिम लेने वाले ग्राहक या मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी एसएमएस के जरिए बीएसएनएल में आने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। ग्राहक यह प्लान बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केंद्र, अधिकृत फ्रेंचाइजी, रिटेलर और डीएस, एजेंटों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस फ्रीडम प्लान की वैधता 31 अगस्त 2025 तक रहेगी। बीएसएनएल रायगढ़ के उपमहाप्रबंधक पूनम चंद महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवाएं लगातार विस्तार कर रही हैं। हम अपने उपभोक्ताओं को सस्ती, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह फ्रीडम प्लान डिजिटल इंडिया की दिशा में एक मजबूत कदम है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस प्लान को लेकर उपभोक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी ऑपरेटरों के महंगे प्लानों के मुकाबले ग्राहकों को किफायती विकल्प उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकता है।

■ 1 अगस्त से लागू, 31 अगस्त तक वैध

### कॉलेज में व्यास पूजा एवं शिक्षा नीति पर कार्यक्रम

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान समय में गुरु शिष्य परंपरा को प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई घरघोड़ा द्वारा 7 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ रविंद्र कौर चौबे के मार्गदर्शन, प्राचार्य डॉ. जगदीश तिर्की के संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण कुमार पंडा अध्यक्ष साशी निकाय समिति एवं सदस्य विजय डनसेना के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसएल साहू रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा व्यास पूजा एवं गुरु पूजा का भारतीय परंपरा पर व्याख्यान दी गई तथा प्रभारी अजय मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।



# बहनों ने भूतपूर्व सैनिकों को बांधी राखी, जताया सम्मान

**रायगढ़।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायगढ़ में रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन भावनात्मक और सम्मानजनक माहौल में किया गया। इस विशेष आयोजन में रायगढ़ की बहनों ने भूतपूर्व सैनिकों को राखी बांधकर उनके प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित बहनों ने बालकिशन राम, अनिल वर्मा, उदय कुमार, मित्रशील, गोरे लाल, सुधीर साहू, हेमंत एवं रामनिवास जैसे भूतपूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा और उनके योगदान को नमन किया। बहनों ने सैनिकों के प्रति सुरक्षा और समर्पण के प्रतीक स्वरूप यह राखी भेंट की। इस अवसर पर गीता दास, विजयलक्ष्मी, मेहरूनीसा, पवित्रा, दीपिका, हराबाई, गंगा, विंकी, गीता और पूर्णिमा सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा निवृत्त सैनिकों के प्रति सम्मान और अपनापन की भावना को और भी प्रगाढ़ किया गया।

# ऑपरेशन मुस्कान से लौटे कई मासूम घर



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत रायगढ़ जिले की पुलिस ने बीते दिनों में गुमशुदा बच्चों की पहचान कर उन्हें सकुशल उनके परिजनों से मिलवाया। यह अभियान न केवल बच्चों के लिए राहत लेकर आया, बल्कि उन परिवारों के लिए भी उम्मीद की किरण बना, जिनके अपने वर्षों से लापता थे।

अभियान के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति और चाइल्डलाइन के सहयोग से थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट की बारीकी से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन कर रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, बाल देखरेख गृहों एवं पड़ोसी राज्यों के शेल्टर होम्स में जांच की गई। 11 बच्चों को खोजकर उनके माता-पिता को सौंपा गया। सबसे मार्मिक दृश्य तब देखने को मिला जब एक छह वर्षीय बच्चा, जो एक साल पहले लापता हो गया था, अपने माता-पिता से मिलते ही रो पड़ा। पुलिस टीम को भी इस दौरान काफी भावुक क्षणों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाने को दें। ऑपरेशन मुस्कान जिले में लगातार जारी रहेगा।

## जिंदल स्टील में धूमधाम से मना फाउंडर्स डे

# जन्मदिन पर श्रद्धा से याद किए गए बाबूजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिंदल समूह के संस्थापक उद्योग पुरुष एवं समाजसेवी स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल की 95वीं जयंती पर जिंदल स्टील एंड पावर में फाउंडर्स डे बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। केवल उद्योग परिसर में ही नहीं, बल्कि रायगढ़ शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक विभिन्न सेवा मूलक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बाबूजी को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे सेंट्रल बैरियर पर बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसमें रायगढ़ महापौर जीवर्धन चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष हरिकिशोर चंद्रा, एमआईसी सदस्य पूनम सोलंकी, पूर्व विधायक चैन सिंह सामले, कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोसमपाली की बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। महापौर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबूजी ने रायगढ़ को केवल उद्योग नगरी ही नहीं बनाया बल्कि हजारों लोगों को रोजगार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। एमआईसी सदस्य पूनम सोलंकी ने कहा कि बाबूजी का जीवन समाज सेवा का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उनके पुत्र नवीन जिंदल आज भी उसी सोच और समर्पण से काम कर रहे हैं। इसी क्रम में शहर के वृद्धाश्रम, अनाथालयों व दिव्यांग सहायता केंद्रों में भोजन वितरण, राशन सामग्री, कपड़े और उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। जिंदल लेडीज क्लब की सदस्याओं ने स्वयं सेवा कर यह कार्य किए। जिंदल आशा विशेष बच्चों के लिए नृत्य, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। खेलों में उत्कृष्ट बच्चों को स्मृति चिन्ह और उपहार प्रदान किए गए। धनागर में नव निर्मित स्कूल भवन का लोकार्पण लेडीज क्लब अध्यक्ष अनंदिता बंद्योपाध्याय ने किया।




